**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**

पत्रांकः—3198/11—सी—FP/UP/water/150514/2021, लखनऊ, दिनांकः अप्रैल 05 ,2023

सेवा में,

उप वन महानिदेशक(केन्द्रीय),
भारत सरकार,
पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय,
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य क्षेत्र),
केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।

विषयः— जनपद—झांसी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम—गुलारा, तिलैथा एवं बचावली ग्राम समूह पेयजल योजना हेतु पाइप लाइन बिछाये जाने में प्रभावित 6.2793 हे0 संरक्षित वनभूमि एवं 0.408 हे0 आरक्षित वनभूमि अर्थात कुल 6.6873 हे0 वनभूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः— भारत सरकार का पत्रांक—8बी/यू0पी0/08/168/2022/एफ0सी0/741, दिनांक 07.12.2022, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0, लखनऊ का पत्रांक—3846/26—11, दिनांक 06.03.2023 एवं वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, बुन्देलखण्ड वृत्त, झांसी का पत्रांक—2726/33—1, दिनांक 01.04.2023

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में की गयी आपत्तियों में से आपत्ति सं0—01 का निराकरण प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0, लखनऊ के उपरोक्त पत्रांक—3846/26—11, दिनांक 06.03.2023 के द्वारा एवं आपत्ति सं0—02 का निराकरण कर वांछित सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, बुन्देलखण्ड वृत्त, झांसी के उपरोक्त पत्रांक—2726/33—1, दिनांक 01.04.2023 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है।

अतः उपरोक्त पत्रों की छायाप्रति सहित वांछित सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख सीडी सहित इस अनुरोध के साथ संलग्न कर प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार (सीडी सहित)।**

भवदीय,

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**पत्रांकः—3198 /11—सी—FP/UP/water/150514/2021, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार (सीडी सहित)।**

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, बुन्देलखण्ड वृत्त, झांसी।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, झांसी वन प्रभाग, झांसी।
3. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, झांसी।

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-443